सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 146 | इंदौर, बुधवार 10 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● सागर-झांसी NH 44 पर बड़ा सड़क हादसा

## बीडीएस के चार जवानों की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सागर, एजेंसी। मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां सड़क दुर्घटना में बम डिस्पोजल स्क्वाड (BDS) के चार जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। घायल जवान का उपचार सागर के एक निजी अस्पताल में जारी है। घटना तड़के करीब 4 बजे सागर-झांसी नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी और मालथौन के बीच झीकनी घाटी के पास हुई। जानकारी के अनुसार, मुरैना BDS टीम का वाहन बालाघाट से ड्यूटी कर वापस लौट रहा था, तभी पुलिस वाहन की टक्कर एक कंटेनर से हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### हादसे में शहीद हुए जवानों के नाम

1. आरक्षक प्रधुमन दीक्षित
2. आरक्षक अमन कौरव
3. चालक परमलाल तोमर (सभी निवासी मुरैना)
4. डॉग मास्टर विनोद शर्मा (निवासी भिंड)

### कंटेनर से जोरदार टक्कर की बात सामने आ रही

इसके अलावा, आरक्षक राजीव चौहान गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज जारी है। हादसे में जवानों के साथ मौजूद डॉग सुरक्षित पाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में हादसे के पीछे वाहन अनियंत्रित होने और कंटेनर से जोरदार टक्कर की बात सामने आ रही है। इस दर्दनाक दुर्घटना से मुरैना और भिंड जिलों में गहरा शोक व्याप्त है। शहीद जवानों के शवों को मालथौन ले जाया गया है, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की खजुराहो में हुई बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# प्रदेश के 11 जिलों में 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन और 348 पदों की स्वीकृति

प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में बुंदेलखंड के औद्योगिक विकास और रोजगार संपन्न बनाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण सहित नौरादेही अभ्यारण्य में चीता के रहवास के लिए विकास कार्यों को स्वीकृति जैसे अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए गये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित विकास के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने पर करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में छतरपुर और दमोह के मेडिकल कालेजों में पदों की स्वीकृति सहित शासकीय चिकित्सालयों के उन्नयन और नवीन पदों के सृजन की भी स्वीकृति दी गई।**

मंत्रि-परिषद ने बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सागर के औद्योगिक क्षेत्र 'मसवासी ग्रंट' के लिए एक विशेष औद्योगिक प्रोत्साहन पैकेज



को मंजूरी दी। इस पैकेज की मदद से एक निवेशक- हितैषी वातावरण तैयार होगा, जिससे यहां 24 हजार 240 करोड़ रूपये के निवेश के रास्ते खुलेंगे। यह प्रयास सीधे तौर पर 29 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान कर आर्थिक उन्नयन का नया मार्ग खोलेगा। स्वीकृति अनुसार भूमि प्रब्याजी और वार्षिक भू-भाटक की दर केवल एक रुपये प्रति वर्गमीटर निर्धारित की है। इसके अतिरिक्त, विकास शुल्क चुकाने के लिए 20 समान वार्षिक किश्तों की सुविधा दी गई है और संधारण शुल्क 8 रुपये प्रति वर्गमीटर वार्षिक तय किया गया है। निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में 100% प्रतिपूर्ति की स्वीकृति दी गई है। साथ ही, इकाइयों को वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से पांच वर्षों तक विद्युत शुल्क में छूट दी गई है।

वित्तीय सहायता पैकेज के तहत वृहद श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों पर उद्योग संवर्धन नीति 2025 और निवेश प्रोत्साहन योजना 2025 के नियम लागू होंगे, जबकि एमएसएमई (MSME) इकाइयों के लिए एमएसएमई विकास नीति-2025 और एमएसएमई प्रोत्साहन योजना-2025 के प्रावधान प्रभावी होंगे। सीमेंट निर्माण इकाइयों को इस विशेष वित्तीय सहायता पैकेज का लाभ नहीं मिलेगा। यह विशेष पैकेज आगामी पांच वर्षों के लिए प्रभावशील रहेगा।

मंत्रि-परिषद ने 11 जिलों की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। निर्णय अनुसार नीमच जिले के भादवामाता उप स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा। शाजापुर के मक्सी स्थित 6 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में किया जाएगा। इसी प्रकार उज्जैन के जीवाजीगंज और खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पतालों का विस्तार कर उन्हें 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा। मंत्रि-परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 397 करोड़ 54 लाख रुपये की कार्य योजना की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्ययोजना की वित्तीय लागत में 75% केंद्रांश राशि 297 करोड़ 15 लाख रुपये और 25% राज्यांश राशि 100 करोड़ 38 लाख 50 हजार रुपये होगा। मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम् गान के साथ प्रारंभ हुई।

# चार माह बाद दौड़ेगी इंदौर से धार के बीच ट्रेन, टनल और ट्रेक का काम पूरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से मुंबई के लिए एक नया रेल मार्ग मिलने जा रहा है। फिलहाल इस रुट पर अगले चार माह बाद इंदौर से धार तक ट्रेन चलेगी। इंदौर-दाहोद रेल लाइन का काम अब जल्दी पूरा होने वाला है।**

मालवा निमाड़ के आदिवासी जिले धार में ट्रेन की छुक-छुक नजर आएगी। धार में रेलवे स्टेशन का काम अंतिम चरण में है और रेलवे ने टीही टनल और ट्रेक का काम भी 95 प्रतिशत पूरा कर लिया है। टनल की



फिनिशिंग की जा रही है। रेलवे अफसरों का कहना है कि मार्च माह तक इंदौर से धार के बीच ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है। इस प्रोजेक्ट में टनल की वजह से काफी देर हुई थी, लेकिन बीते तीन साल में टनल का काम तेजी से हुआ है।

इंदौर से दाहोद होते हुए नई रेल लाइन वड़ोदरा तक बिछेगी। इस नई रेल लाइन से इंदौर से वड़ोदरा, मुंबई के बीच की दूरी कम हो जाएगी। अब इस रुट के लिए ट्रेनों को देवास, उज्जैन, रतलाम होकर जाती है। अभी इंदौर से मुंबई के लिए अवंतिका और तेजस ट्रेन का संचालन होता है। नई रेल लाइन से आदिवासी अंचल देश के पश्चिमी रेल मार्ग से जुड़ जाएगा।

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना का काम वर्ष 2008 में शुरू हुआ था। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन करने आए थे, लेकिन इस परियोजना के पूर्ण होने में 17 साल लगे। अभी भी कुछ हिस्सों में काम बचा हुआ है।

इस प्रोजेक्ट पर 1873 करोड़ रुपये की लागत आई है। 204 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन के बिछाए जाने से मध्य प्रदेश के उत्पादों को गुजरात के बंदरगाहों तक पहुंचाना आसान होगा। यह रेल लाइन पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र को भी गुजरात और महाराष्ट्र से जोड़ेगी। इस रेल लाइन में 41 बड़े ब्रिज और 32 छोटे-बड़े रेलवे स्टेशन भी बनाए गए है। इसके अलावा तीन किलोमीटर की सुरंग भी बनाई गई है।

### यह होगा इस प्रोजेक्ट से फायदा

इंदौर-दाहोद रेल रुट से इंदौर से मुंबई के बीच की दूरी 55 किलोमीटर घट जाएगी।
धार-झाबुआ, आलीराजपुर जैसे आदिवासी अंचल पहली बार रेलवे के नक्शे पर आएंगे।
पीथमपुर के उद्योगों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। माल गाड़ी से परिवहन आसान हो जाएगा।

**जनसुनवाई में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा आवेदकों को तत्काल राहत**

# शिक्षा इलाज रोजगार के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई

## 285 से अधिक आवेदनों का तत्काल समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर कार्यालय इंदौर में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में 285 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अनेक का हाथों-हाथ निराकरण किया गया। जिन आवेदनों पर तत्काल निर्णय संभव नहीं था, उनके लिए कलेक्टर श्री वर्मा ने समय-सीमा निर्धारित की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा इनकी साप्ताहिक समीक्षा भी की जाएगी। जनसुनवाई में भरण-पोषण, आर्थिक सहायता, राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विवादों सहित विभिन्न प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।**





जहां तत्काल सहायता संभव थी, वहां स्वास्थ्य जांच, आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने और अन्य आवश्यक कार्यवाही उसी समय की गई। जनसुनवाई के दौरान बालिका याशिका को शिक्षा के लिए मदद दी गई। वहीं सविंद नगर निवासी अंबिका वर्मा ने परिजनों द्वारा प्रताड़ित किए जाने व संपत्ति संरक्षण की मांग की। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह प्रकरण मध्यस्थता केंद्र को सौंपते हुए इसके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार विसवीर सिंह की बालिका के जटिल इलाज हेतु 40 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। एक दिव्यांग युवती को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई तथा दिव्यांग शकुंतला बाई को रेड क्रॉस से सिलाई मशीन उपलब्ध कराकर रोजगार हेतु सहयोग प्रदान किया गया। जनसुनवाई में आये सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित एक बच्चे के लिए डीडीआरसी केंद्र में फिजियोथेरेपी और देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा परिवार को नियमित उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि पारिवारिक और अन्य छोटे विवादों के संबंध में हमारी प्राथमिकता मध्यस्थता के माध्यम से समाधान निकालने की रहती है और आवश्यकता होने पर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। जनसुनवाई में अपोलो हाईलाईट स्ट्रीट मॉल के रहवासी कलेक्टर से मिले। उन्होंने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि क्षेत्र में संचालित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान द्वारा रात में तेज आवाज में म्यूजिक बजाया जाता है, इससे बेहद परेशानी होती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्राप्त शिकायत पर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रतिष्ठान को चेतावनी देते हुए शोर बंद कराया जाए। बंद नहीं करने पर कठोर कार्रवाई की जाए। एक महिला ने डॉक्टर द्वारा अभद्रता किए जाने तथा एफआईआर के बाद भी गिरफ्तारी न होने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने इसे गंभीर बताते हुए पुलिस व महिला एवं बाल विकास विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में जिले की रैंकिंग में लगातार सुधार हो रहा है । जिले में जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# 18 दिसंबर से शुरू होगी वन्यजीवों की गिनती




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के निर्देश पर बाघ गणना के लिए इंदौर वन मंडल का मास्टर तैयार हो चुका है। इस प्लान के तहत वन मंडल में 18 दिसंबर से शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों की गिनती शुरू होगी, जो 24 दिसंबर तक चलेगी। इसके लिए पहली बार वनमंडल के कर्मचारियों को 2 दिन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।**

डीएफओ इंदौर प्रदीप मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों को वनमंडल स्तर का प्रशिक्षण पहले दिया जा चुका है, पर 11 और 12 दिसंबर को इसका अभ्यास कराया जाएगा। बाघ गणना के दौरान प्रशासनिक समन्वय की जिम्मेदारी एसडीओ रालामंडल योहान कटारा और तकनीकी समन्वय की जिम्मेदारी वनरक्षक प्रवीण मीणा को सौंपी गई है। इंदौर वनमंडल 700 वर्ग किमी का है। बाघों की गणना 200 वर्ग किमी में की जाएगी। जिसके लिए ट्रैप कैमरे लगाए जाएंगे। चयनित क्षेत्र को दो ग्रिड में विभाजित किया गया है। दोनों में कैमरे लगाकर वन्यजीवों पर नजर रखी जाएगी। इसमें वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट का सहयोग लिया जा रहा है। ट्रैप कैमरा को-आर्डिनेशन का जिम्मा वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन ट्रस्ट के बायोलॉजिस्ट प्रोग्राम मैनेजर विवेक तुमसरे को दी है। डीएफओ मिश्रा के अनुसार अखिल भारतीय बाघ गणना 4 चरणों मे होगी। पहले चरण में मैदानी सर्वेक्षण के दौरान बाघों और अन्य मांसाहारी वन्यजीवों पद चिन्ह, मल, पेड़ों पर या जमीन पर उनके पंजों की खरोंच के निशान, शिकार के अवशेष संकलित अथवा दर्ज किए जाते हैं। दूसरे चरण में सैटेलाइट आधारित रिमोट सेंसिंग डेटा के साथ जोड़कर वन की क्षति, अवैध कब्जे, वन्यजीवों के कॉरिडोर और मानवीय दखलंदाजी का आकलन किया जाता है। तीसरे चरण में चयनित ग्रिड में कैमरे से वन्यजीवों की निगरानी की जाती है। बाघों की खास धारियों के आधार पर उनकी पहचान कर कैप्चर-रिकैप्चर तकनीक से उनकी संख्या का अनुमान लगाया जाता है। चौथे चरण में सभी चरणों से प्राप्त आंकड़े अथवा जानकारी का सांख्यकीय विश्लेषण कर अंतिम वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार की जाती है।

# इंदौर में इंडिगो की 15 फ्लाइट कैंसिल हालात सामान्य होने में समय लगेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

नन

**इंदौर। मध्यप्रदेश में इंडिगो की उड़ानों के कैंसिल होने की स्थिति मंगलवार को भी जारी रही। इंदौर एयरपोर्ट पर आज आने और जाने वाली 15 फ्लाइटें रद्द रहेंगी। हालांकि, पिछले कुछ दिनों की तुलना में यह संख्या कम है। सोमवार को इंदौर से 18 उड़ानें रद्द हुई थीं, जबकि रविवार को 24 से अधिक उड़ानें कैंसिल हुई थीं। इंडिगो ने बताया है कि उड़ानों का संचालन जल्द ही पूरी तरह से सामान्य हो जाएगा, हालांकि यह नहीं बताया है कि कब तक स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।**



एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार आज मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद की आने-जाने वाली उड़ानों पर सबसे अधिक असर पड़ा है। वहीं पिछले तीन दिनों से निरस्त हो रहीं पुणे, जयपुर और अन्य शहरों की उड़ानें आज नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। प्रबंधन का कहना है कि एयरलाइंस के नंबर सार्वजनिक कर दिए गए हैं और यात्रियों की सहायता के लिए हेल्पलाइन भी सक्रिय है, ताकि किसी को दिक्कत न हो। हालांकि ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि परेशानी अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।

3 दिसंबर से इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ानों का संचालन लगातार प्रभावित हो रहा है और अब तक 155 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। आज 15, सोमवार को 18, रविवार को 24, शनिवार को 34 और शुक्रवार को 36 उड़ानें रद्द हुई थीं। इंदौर एयरपोर्ट की लगभग 70% उड़ानें इंडिगो द्वारा संचालित होती हैं, जिसके कारण क्रू की कमी या आंतरिक समस्या का सबसे ज्यादा असर इंदौर पर दिखाई दिया। शेष 30% उड़ानों का संचालन एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अलायंस एयर और स्टार एयर करती हैं। एयरलाइंस अधिकारियों का कहना है कि रद्द उड़ानों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है और अगले सप्ताह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

# मंत्री श्री सिलावट के मुख्य आतिथ्य में 13 दिसंबर को होगा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का लोकार्पण

- 50 हजार से ज्यादा रहवासियों को मिलेगी आने-जाने के लिए सुगम आवागमन की सुविधा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं सांसद श्री शंकर लालवानी द्वारा 13 दिसंबर को सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का लोकार्पण किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के आसपास की 25 से अधिक कॉलोनियों के 50 हजार से ज्यादा रहवासियों को लाभ होगा।



मंत्री श्री सिलावट ने जानकारी देते हुए बताया कि एबी रोड से तलावली चांदा सिंगापुर टाउनशिप के पास नवनिर्मित रेलवे अंडरपास की वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण अतिशीघ्र हो जायेगा। लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास तैयार हो गया है जिसका लोकार्पण 13 दिसंबर को सांसद श्री शंकर लालवानी की उपस्थिति में किया जायेगा। इस मार्ग पर एक अंडरपास पूर्व से निर्मित है। अब दो अंडरपास होने से आसपास की 25 से अधिक कॉलोनियों के 50 हजार से ज्यादा रहवासियों का सुगम आवागमन होगा।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि इस अंडरपास से रोजाना लगभग 50 हजार से अधिक रहवासी आवागमन करते है। पहले यहाँ एक ही अंडरपास बनाया गया था। बढ़ती आबादी के कारण एक ओर नवीन अंडरपास की स्वीकृति कराकर लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से नवीन अंडरपास बनाया गया है। अब आने-जाने के लिए अलग-अलग रास्ते का उपयोग कर 50 हजार से अधिक रहवासी आसानी आवागमन करेंगे।

**गोवा में हुई अग्नि दुर्घटना को देखते हुए इंदौर में विशेष सतर्कता**

# कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शुरू हुए अभियान में चार स्थानों पर की गई बड़ी कार्रवाई

● अवैध रूप से संग्रहित 156 गैस सिलेंडर और दो ऑटो रिक्शा किए गए जप्त आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। गोवा में हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटना को देखते हुए इंदौर जिले में प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरतना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण करने वालों के विरुद्ध विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी मुहिम के तहत आज खाद्य विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के चार अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी, जहां से भारी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित गैस सिलेंडर जप्त किए गए। यह सभी सिलेंडर घनी आबादी और रहवासी क्षेत्रों में बिना किसी वैध अनुमति, फायर सेफ्टी प्रमाणन और विस्फोटक विभाग की अनुज्ञप्ति के संग्रहित किए जा रहे थे, जो गंभीर दुर्घटना की स्थिति पैदा कर सकते थे। प्रशासन ने मौके से मिले सिलेंडरों को जप्त करते हुए संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे जांच प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और शहर में अवैध गैस भंडारण पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि खाद्य विभाग के अमले द्वारा आज चार स्थानों पर कार्रवाई की गई इस कार्रवाई में कुल 156 गैस सिलेंडर जप्त किए गए दो ऑटो रिक्शा भी जप्त किए गए हैं।

शहर के केटरिंग व्यवसायियों द्वारा शहर के मध्य में अवैधानिक रूप से संचालित एलपीजी के गोदामों पर आकस्मिक छापामार कार्यवाही की गई। मौके पर केटरिंग व्यवसायियों द्वारा बगैर वैधानिक अनुमति के, फायर सेफ्टी के, विस्फोटक विभाग की अनुज्ञप्ति के बडी मात्रा में विभिन्न क्षमताओं वाले गैस सिलेंडरों का भंडारण/संग्रहण करना पाया गया। मौके पर पाये गये सिलेंडरों का संबंधितों से जप्त किया जाकर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है।

**एसपी ने स्वीकारा-**

## 6 पुलिसकर्मियों ने छात्र को गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बेगुनाह होनहार छात्र सोहन को मंदसौर पुलिस द्वारा ड्रग स्मगलिंग में गिरफ्तार करने के मामले में मंगलवार को इंदौर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें मंदसौर एसपी विनोद कुमार मीणा उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि बस में से छात्र को उतारकर उसे ड्रग स्मगलिंग में गिरफ्तार कर जेल भेजने वाले पुलिसकर्मी मल्हारगढ़ थाने के ही हैं। इसमें 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करते हुए उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है।**

सुनवाई के दौरान एसपी ने कहा कि इस मामले में गलती हुई है। उन्होंने यह भी माना कि बस से छात्र को उठाने के बाद शाम को ही मल्हारगढ़ पुलिस ने उस पर ड्रग स्मगलिंग का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। यह भी कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने उसे बस से उठाया था वे भी मल्हारगढ़ थाने के ही हैं। यह भी माना कि बस से उठाने की टाइमिंग में जो एफआईआर दर्ज की गई है उसमें गिरफ्तारी का स्थान और समय में अंतर है। सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि इसका मतलब पूर्व में केस के जांचकर्ता अधिकारी आए थे तो उन्होंने झूठ बोला तो एसपी ने इस पर सॉरी कहा। कोर्ट ने एसपी से यह भी दो बार पूछा कि थाने में कितने लोगों का स्टाफ है। इस पर एसपी ने कहा कि 55 लोगों का स्टाफ है।

उन्होंने कहा कि मामले में 6 पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। हालांकि उन्होंने पुलिसकर्मियों के नाम नहीं बताए। मामले में कोर्ट ने माना की पुलिस ने विधि के प्रावधानों का पालन नहीं किया।सुनवाई के दौरान शासन की ओर से एडवोकेट ने तर्क रखा कि मामले में ट्रायल कोर्ट में केस सुनवाई में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि तो क्या 10 साल तक एक बेगुनाह इसका इंतजार करेगा। लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला आदेश सुरक्षित रखा है। सोहन 29 अगस्त को बस से मंदसौर अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था। एडवोकेट ठाकुर ने परिजन कहा कि अगर कोई सीसीटीवी फुटेज हों तो उपलब्ध कराएं। परिजन ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि जिस बस से सोहन सफर कर रहा था, उसमें CCTV कैमरे लगे थे। दरअसल, उन्हें यह आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे थे। ट्रेवल्स कंपनी पहले तो सहमत नहीं हुई और बताया कि इसका संचालन राजस्थान से होता है, वहीं संपर्क करें। परिजन ने उन्हें वस्तुस्थिति बताई तब जाकर मशक्कत के बाद परिजन ने बस के सीसीटीवी फुटेज जुटा लिए।

**महू क्षेत्र में एसडीएम श्री राकेश परमार ने की बड़ी कार्रवाई**

## बिना वैध अनुमति के एसिड बनाने और एसिड का भण्डारण करने पर कारखाने को किया सील

● बिना रजिस्ट्रेशन के प्लाट बेचने वाली कंपनी को भी किया सील





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। डॉ. अम्बेडकर नगर महू एसडीएम श्री राकेश परमार ने मंगलवार को ग्राम भाटखेड़ी स्थित एडवांस हाइजिन प्रोडक्ट कंपनी का औचक निरीक्षण किया। मौके पर एसिड बनाने का कारखाना होना पाया गया। संचालक द्वारा मौके पर कोई भी परमिशन व एनओसी नहीं प्रस्तुत की गई। कारखाने में फायर सेफ्टी संबंधी कोई व्यवस्था नहीं पायी गई। उक्त कारखाना खसरा क्र. 25/2 में 0.137 हेक्टेयर रकबे में संचालित हो रहा था। इस रकबे के भूस्वामी आलोक जैन पिता प्रताप जैन तथा शैल जैन पति आलोक जैन का होना बताया गया। बताया गया कि पिछले दो वर्षों से यहां एसिड का भण्डारण किया जा रहा था, परंतु इसके भण्डारण हेतु कोई अनुमति नहीं ली गई थी। मौके पर प्लास्टिक के 9 टेंक एसिड से भरे पाये गये। कारखाना स्थल पर सुरक्षात्मक कोई मानक उपाय नहीं किये गये थे। जिस पर एसडीएम श्री परमार द्वारा कार्रवाई करते हुए उक्त कारखाने को मौके पर सील कराया गया तथा सारा सामान भूस्वामी आलोक जैन के सुपुर्द किया गया। इस दौरान तहसीलदार महू, ग्राम पटवारी व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

इसके अलावा एसडीएम श्री राकेश परमार द्वारा ग्राम भाटखेड़ी में ही दिव्य इंटरप्राइजेस एण्ड कंस्ट्रक्शन कंपनी का भी औचक निरीक्षण किया गया। कंपनी के ऑफिस में प्लाट बेचने संबंधी अनुमति/दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। कंपनी का प्लाट बेचने के संबंध में रेरा में भी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं होना पाया गया। जिससे मौके पर ही ऑफिस को किया गया।

एसडीएम श्री राकेश परमार द्वारा महू क्षेत्र में चाइनीज मांझे को लेकर भी पतंग दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिग्विजय नगर मल्टी में रहने वाले एक युवक ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लिया। गंभीर रूप से झुलसने पर उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।**

द्वारकापुरी पुलिस के अनुसार मृतक सुमित (35) पुत्र मांगीलाल सोलंकी पेशे से मिस्त्री था। रविवार रात करीब 10 बजे उसने अपनी बाइक से पेट्रोल निकालकर कमरे में खुद को आग लगा ली थी। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के समय सुमित की पत्नी और तीनों बच्चे दूसरे कमरे में थे। छोटी बेटी ने पिता को जलते देखा और तुरंत मां को सूचना दी। सुमित के भाई दीपक ने बताया कि घटना से ठीक पहले करीब 9:30 बजे सुमित से फोन पर बात हुई थी। उसने माता-पिता से बात कर राजेंद्र नगर चोइथराम मंडी के पास घर आने का कहा था। इसके कुछ देर बाद आत्मदाह की खबर मिली। परिवार ने अभी कर्ज या बीमारी जैसी किसी वजह से इंकार किया है। सुमित के बयान नहीं हो सके थे। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है और आत्मदाह के कारणों की जांच जारी है।

## होटल में राजस्थानी कपल का प्राइवेट VIDEO बनाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** सीहोर जिले के कुबेरेश्वर धाम क्षेत्र के एक होटल में ठहरे राजस्थान के कपल का प्राइवेट वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। युवक ने चोरी-छिपे वीडियो रिकॉर्ड कर अपने दोस्तों को भेज दिया। मामले में मंडी थाना पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। कपल कुबेरेश्वर धाम दर्शन के लिए राजस्थान से सीहोर आया हुआ था और क्षेत्र के एक होटल में ठहरा था। इसी दौरान पास के एक अन्य होटल में काम करने वाले युवक ने कमरे की लाइट जलती और पर्दा खुला होने का फायदा उठाकर कपल का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो अपने दोस्तों को भेज दिया, जिसके बाद वीडियो फैल गया। होटल डमरूवाला के मैनेजर कृष्णपाल उर्फ कृष्णा वर्मा ने 8 दिसंबर को मंडी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक सुमित पैरवाल के मोबाइल में कपल का आपत्तिजनक वीडियो मिला। पुष्टि होने पर पता चला कि वीडियो उसी कपल का है, जो उनके होटल में ठहरा था। सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि मामले में मंडी थाना पुलिस ने अंकित जाटव, विनोद मालवीय, सुमित पैरवाल और कमलेश उर्फ कनक कौशल के खिलाफ आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इस्लाम नगर' लिखने पर हंगामा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल के जगदीशपुर में 'इस्लाम नगर' लिखने पर हंगामा हो गया। मंगलवार को बड़ी संख्या में हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी समेत कई लोग इकट्ठा हो गए। जगदीशपुर लिखा माइलस्टोन उखाड़ने पर उनका गुस्सा और बढ़ गया। उन्होंने कहा कि मूल नाम से छेड़छाड़ कतई मंजूर नहीं है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। इस दौरान पुलिस ने समझाइश देकर लोगों को शांत किया। भोपाल से 14 किलोमीटर दूर ऐतिहासिक धरोहर को समेटे खूबसूरत गांव जगदीशपुर है। 17वीं शताब्दी में बने किले को देखने यहां देश-दुनिया के लोग पहुंचते हैं। 31 जनवरी 2003 तक इसका नाम इस्लाम नगर था, जबकि 1 फरवरी-23 से यह फिर से अपने पुराने नाम जगदीशपुर से पहचाना जाने लगा है। केंद्र सरकार ने गांव का नाम जगदीशपुर करने की हरी झंडी दी थी। राज्य सरकार ने भी नोटिफिकेशन जारी कर गांव का नाम बदलकर जगदीशपुर कर दिया था।

## मंत्री बागरी बोलीं- गांजा तस्कर मेरा भाई नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** गांजे की तस्करी के मामले में गिरफ्तार भाई अनिल बागरी से नगरीय विकास एवं आवास मंत्री प्रतिमा बागरी ने पल्ला झाड़ लिया है। भाई की गिरफ्तारी के अगले दिन मंगलवार को खजुराहो में मीडिया के सवालों पर उन्होंने कहा- कोई भी अपने आप से रिश्तेदार बना लेता है। मेरा अनुरोध है कि पहले आप उसकी पुष्टि कर लें। तथ्यों की जानकारी के बाद ही बात करें। दरअसल, सोमवार को सतना की रामपुर बघेलान पुलिस ने अनिल बागरी को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था। अनिल और उसके साथी पंकज सिंह से 46 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। जिला अध्यक्ष अमित खत्री के नेतृत्व में मंगलवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भोपाल में मंत्री प्रतिमा बागरी के बंगले का घेराव किया। नारेबाजी करते हुए मंत्री बागरी को नशे की सौदागर बताया।

# बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर कर रही है विकास कार्य

### एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए अंतरित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड हीरों और महावीरों की धरती है। यह मंदिरों की नगरी है। उन्होंने कहा कि महाराज छत्रसाल के कार्य काल में बुंदेलखंड की महाविजय होती थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराजा छत्रसाल के शौर्य को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल की प्रतिमा और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का खजुराहो में अनावरण किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छतरपुर के राजनगर में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।**





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को 1857 करोड़ रुपए राशि अंतरित की गई है। इनमें छतरपुर की 3 लाख 24 हजार से अधिक लाड़ली बहनें शामिल हैं। हितग्राहियों बहनों को उनके बैंक खातों में 31वीं किस्त के रूप में 1500 रुपए की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में अब तक 46 हजार 500 करोड़ की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है। बहनें अपने परिवार के संचालन में भी सहयोग कर रही हैं। बहनों के आशीर्वाद से राज्य सरकार निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से बहनों को पक्के मकान और उज्जवला गैस कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड के चहुँमुखी विकास के लिए 270 करोड़ लागत के 9 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 240 करोड़ लागत के 20 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 2 सांदीपनि विद्यालय और स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो में बड़ा कन्वेंशन सेंटर और फाइव स्टार होटल बनाया जाएगा। राजनगर में राजगढ़ पैलेस की सौगत मिल रही है। इससे पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बुंदेलखंड के दमोह, छतरपुर, पन्ना और कटनी में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जायेंगे। केन-बेतवा लिंक परियोजना से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 2 नेशनल हाइवे को जोड़ने वाले फोर लाइन सड़क की सौगात दमोह-सागर को मिलने जा रही है। सम्मेलन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव, विधायक श्री कामाख्या प्रताप सिंह, विधायक श्री राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# खजुराहो के रिसॉर्ट में खाने से 3 कर्मचारियों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर/ग्वालियर, एजेंसी। छतरपुर जिले के खजुराहो में गौतम रिसॉर्ट में खाना खाने के बाद कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई। 9 कर्मचारियों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया। ग्वालियर जाते समय दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि एक की जेएएच अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हुई।**



मृतकों की पहचान रामस्वरूप कुशवाह, गिरजादेवी और प्रागी लाल के रूप में हुई। घायलों में दयाराम, हार्दिक, रवि, रोशनी और गोलू शामिल हैं। रवि, रोशनी और गोलू वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मौत का स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। फॉरेंसिक विभाग के अनुसार, मौत फूड पॉइजनिंग से हुई या जहर से, यह तय करने के लिए केमिकल टेस्ट (बिसरा जांच) जरूरी है। तीनों शवों को बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मृतकों के परिजनों को 20-20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। रिसॉर्ट को प्रशासन ने सील कर दिया है। रिसॉर्ट के मालिक विनोद कुमार गौतम वर्तमान में बेल्जियम में रहते हैं।

## रातोंरात दो दोस्त बने लखपति





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी।** पन्ना जिले में दो दोस्तों की मेहनत और उम्मीद रंग ले आई। कृष्णा कल्याणपुर क्षेत्र में 20 दिन पहले लगाई गई खदान से उन्हें 15.34 कैरेट का जेम्स क्वालिटी हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। हीरे को आगामी नीलामी में रखा जाएगा। रानीगंज निवासी सतीश खटीक (24) और उनके दोस्त साजिद मोहम्मद (23) ने संयुक्त रूप से हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर कृष्णा कल्याणपुर की पटी क्षेत्र में खदान लगाई थी। कड़ी मेहनत के बाद उन्हें यह बड़ी सफलता मिली। मंगलवार को दोनों दोस्तों ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह कीमती हीरा हीरा कार्यालय में विधिवत जमा कर दिया है। उन्होंने कहा कि पैसे मिलने पर पहले बहनों की शादी कराई जाएगी, फिर शेष रकम से नई खदान लगाने और अपने-अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में निवेश किया जाएगा।

# रामायण पढ़ने के बाद इस्लाम को छोड़ सानिया बन गई सती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के महादेवगढ़ में मंगलवार को एक बार फिर से धर्म परिवर्तन का अनोखा मामला देखने को मिला। गुड़ी क्षेत्र की रहने वाली मुस्लिम युवती सानिया ने सनातन धर्म अपनाकर हिंदू युवक निखिल के साथ सात फेरे लिए। सनातन धर्म अपनाने के बाद युवती का नाम 'सती' रखा गया। युवती की यह धर्म-वापसी और हिन्दू रीति रिवाज से विवाह करना पूरे चर्चा का विषय बना हुआ है।



सानिया बचपन से इस्लाम धर्म का पालन कर रही थी, लेकिन पिछले कुछ समय से वह सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिकता की ओर आकर्षन महसूस कर रही थी। सनातन धर्म को समझने के लिए उसने एक अनोखी यात्रा और अध्ययन का रास्ता अपनाया। सानिया पिछले तीन महीने से बनारस में बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी में रही, जहां उसने धार्मिक ग्रंथों और कर्मकांडों का अध्ययन किया। रामायण पढ़ने के बाद उसका मन बदल गया और वह सनातन धर्म अपनाने का फैसला किया। इसके बाद वह मथुरा-वृंदावन भी गई, जहां उसने रामायण पाठ के साथ-साथ कृष्ण-राधा के दिव्य प्रेम और उनके आदर्शों को गहराई से समझा। युवती का कहना है कि वह प्रेम को केवल आकर्षण नहीं, बल्कि त्याग, आस्था और उच्चतम मूल्यों में देखना चाहती थी। इसी कारण उसने यह जानने की कोशिश की कि राधा-कृष्ण का प्रेम क्यों अमर माना जाता है, और सनातन धर्म में प्रेम का वास्तविक स्वरूप क्या है। सानिया लंबे समय से खंडवा निवासी निखिल नामक युवक के सम्पर्क में थी, और दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। लेकिन सानिया ने प्रेम को धर्म और जीवन मूल्यों की कसौटी पर परखना चाहा। उसके अनुसार उसने यह जानने की कोशिश की कि प्रेम केवल शारीरिक आकर्षण है, या दो आत्माओं का मिलन? धार्मिक अध्ययन पूरा करने और आत्मिक शांति पाने के बाद सानिया ने महादेवगढ़ पहुंचकर संचालक अशोक पालीवाल को अपनी पूरी कहानी सुनाई और सनातन धर्म अपनाने का निर्णय लिया।

## संपादकीय

### वंदे मातरम् गीत को अनिवार्य किए जाने की मांग

राज्यसभा की मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने स्कूलों में वंदे मातरम् गीत को अनिवार्य किए जाने की मांग की है। उन्होंने मंगलवार को सरकार से प्राथमिक और उच्च विद्यालयों में राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम्' का गायन अनिवार्य करने का आग्रह किया। इस गीत की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर राज्यसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए सुधा मूर्ति ने कहा, 'मैं यहां एक सांसद, समाजसेवी या लेखिका के रूप में नहीं खड़ी हूं। मैं यहां भारत माता की एक बेटी के रूप में खड़ी हूं।' उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम में इस गीत की भूमिका को याद करते हुए कहा, 'जब भारत परतंत्र था, तो हमारा आत्मविश्वास डगमगा गया था और हम निराश थे।' मनोनीत सदस्य ने कहा, 'उस समय, वंदे मातरम् ज्वालामुखी के लावा की तरह फूट पड़ा। मैं हुबली के एक छोटे से कस्बे से हूं। मेरे दादाजी बताया करते थे कि यह ब्रिटिश राज के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक था। वंदे मातरम् में एक जादुई स्पर्श था।' विद्यालयों में इस गीत को पढ़ाने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को अगर यह नहीं पढ़ाया गया तो वे 'वंदे मातरम्' का पूरा पाठ भूल जाएंगे।' मूर्ति ने शिक्षा विभाग से, खासकर प्राथमिक और उच्च विद्यालयों में, राष्ट्रीय गीत को अनिवार्य बनाने का अनुरोध किया। सूधा मूर्ति ने भारत को एक ऐसी रजाई बताया जिसमें हर राज्य एक अलग रंग का कपड़ा है, और उसे एक साथ जोड़ने वाली सुई-धागा वंदे मातरम् है। उन्होंने कहा, 'देश का नक्शा या झंडा नहीं, बल्कि भूमि को मातृभूमि के रूप में देखने का विचार हमें जोड़ता है। यह सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं, यह हमारी मां-मातृभूमि है।' चर्चा में हिस्सा लेते हुए शिवसेना सदस्य मिलिंद देवरा ने कहा कि संगीतकार ए.आर. रहमान द्वारा 'वंदे मातरम्' गीत की प्रस्तुति ने उन सभी लोगों को गलत साबित कर दिया है जो 88 साल पहले राष्ट्र गीत को छोटा करने के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल हमारा राष्ट्र गीत नहीं है, बल्कि यह वास्तव में भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का प्रतीक है। शिवसेना के सांसद ने कहा कि आज वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के सदस्य से कहना चाहेंगे कि ए.आर. रहमान का संस्करण एक गौरवान्वित भारतीय द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जो संयोग से एक मुसलमान भी हैं। शिवसेना सदस्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूरा 'वंदे मातरम्' कभी-कभी ही सुना जाता है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सदस्य चौधरी मोहम्मद रमजान ने कहा कि 'वंदे मातरम्' गीत का जो अंश छोड़ा गया है, उसमें देवी-देवताओं की पूजा की बात है और इस्लाम मूर्ति पूजा की इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा, 'हम हिंदू, ईसाई और सिखों का सम्मान करते हैं। अगर आप गाना चाहते हैं, गाएं। हम इसका सम्मान करते हैं... इस्लाम देवी-देवताओं की पूजा की इजाजत नहीं देता है। इसीलिए सिर्फ उन्हीं छंदों को लिया गया है।'

## ज्ञान-विज्ञान

# 100 साल का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण

## नासा ने बताया दिन में छाएगा रात जैसा अंधेरा, भारत में दिखेगा दुर्लभ नजारा?



**खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों को एक खास नजारा आसमान में देखने को मिलेगा। यह एक दुर्लभ सूर्य ग्रहण होगा, जो दुनिया के बड़े हिस्से में देखा जाएगा। यह सूर्य ग्रहण अगस्त, 2027 में होगा, जब दिन में अंधेरा छा जाएगा और धरती पर तापमान में बड़ी गिरावट आएगी। 2027 का यह पूर्ण सूर्यग्रहण भारत में दिखेगा या नहीं, इसको लेकर भारतीयों लोगों के मन में सवाल है। 2 अगस्त, 2027 को सदी का सबसे लंबा सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह खगोलीय घटना 6 मिनट 23 सेकंड तक चलेगी। इस बार यह ग्रहण यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के बड़े शहरों में दिखाई देगा। इसे लाखों लोग आसानी से देख पाएंगे। भारत में भी इस ग्रहण का आंशिक नजारा देखने को मिलेगा।**

### सबसे लंबा सूर्य ग्रहण

नासा की ओर से कहा गया है कि यह ग्रहण (6 मिनट 23 सेकंड) अब तक के सबसे लंबे सूर्य ग्रहणों में से एक होगा। खगोलविदों का कहना है कि सैद्धांतिक रूप से सूर्य ग्रहण 7 मिनट 32 सेकंड तक चल सकता है लेकिन 2027 का ग्रहण इस अधिकतम सीमा के बहुत करीब होगा। इतना लंबा ग्रहण इसके बाद साल 2114 तक नहीं होगा।

हाल के इतिहास में सबसे लंबा सूर्य ग्रहण 11 जुलाई 1991 को हुआ था। उस ग्रहण की अवधि 6 मिनट 53 सेकंड थी, जो 2027 के ग्रहण से थोड़ी ज्यादा लंबी थी। यह ग्रहण हवाई, मैक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका में देखा गया था। वहीं 2017 का ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स करीब 2 मिनट 40 सेकंड तक चला था।

### कहां देखा जा सकेगा

यह अनोखा ग्रहण यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और पश्चिम एशिया के कई शहरों में दिखेगा। दुनिया के कई अन्य हिस्सों में आंशिक सूर्य ग्रहण दिखेगा। भारत में पूर्ण सूर्य ग्रहण का अनुभव नहीं होगा लेकिन कई राज्यों में आंशिक ग्रहण दिखाई देगा। भारत में 2 अगस्त 2027 का आंशिक ग्रहण दोपहर 15:34 से शाम 17:53 तक चलेगा। गुजरात के पिपर शहर से आंशिक ग्रहण का सबसे अच्छा नजारा देखने को मिलेगा, जिसकी अवधि 1 घंटा 46 मिनट होगी।

भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल में भी आंशिक सूर्य ग्रहण को देखा जा सकेगा।

### यहां सबसे अच्छा नजारा

इस सूर्य ग्रहण का पूर्ण अनुभव स्पेन, जिब्राल्टर, मोरक्को, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र, सूडान, सोमालिया, सऊदी अरब और यमन जैसे देशों में लिया जा सकता है। मिस्र का प्राचीन शहर लक्सर इसके लिए एक पसंदीदा जगह होगा, जहां करीब साढ़े छह मिनट तक पूर्ण सूर्य ग्रहण का नजारा देखने को मिलेगा।

Goa

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड: गिरफ्तार आरोपी अजय गुप्ता ने लूथरा बंधुओं पर मढ़ा दोष

**पणजी, (एजेंसी)** गोवा नाइट क्लब अग्निकांड के मामले में गोवा पुलिस ने आरोपी सह-मालिक अजय गुप्ता को नई दिल्ली से हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अजय गुप्ता का पहला बयान सामने आया है। गुप्ता ने कहा, 'मैं तो बस एक साझेदार (पार्टनर) हूं। मुझे कुछ नहीं पता।'

गोवा के रोमियो लेन स्थित बिर्क नाइट क्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस नाइट क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता ने लापरवाही का सारा दोष क्लब के मालिकों सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा पर




डाला है। लूथरा बंधु अग्निकांड के कुछ ही घंटों के अंदर भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे।

इस बीच गोवा पुलिस ने फरार लूथरा भाइयों को लाने के लिए कोशिशें शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, थाईलैंड भागे दोनों भाइयों को लाने के लिए पुलिस ने इंटरपोल से मदद मांगी है। पुलिस इन दोनों आरोपियों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करवाना चाहती है, जिससे इन्हें भारत लाने में आसानी हो।

घटना में 25 की जान गई। इनमें सबसे आखिरी में निकलने वाले क्लब के 20 स्टाफ सदस्य और पांच पर्यटक थे। पुलिस ने शुरुआती जांच में बताया कि आग की वजह सिलेंडर विस्फोट हो सकता है। यह आग देर रात करीब पौने बारह बजे लगी।

Uttarpradesh

## पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार, जांच में सहयोग न करने का आरोप



**लखनऊ, (एजेंसी)** पूर्व आईपीएस व आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर को लखनऊ पुलिस की एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वह कल रात लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान उन्हें शाहजहांपुर में ट्रेन से उतारा गया और एसटीएफ की टीम उन्हें देवरिया लेकर चली गई। देवरिया में उन पर कुछ दिन पहले केस दर्ज हुआ था। उन्हें जांच में सहयोग नहीं करने पर गिरफ्तार किया गया है।

बता दें कि अमिताभ ठाकुर भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कानपुर के अधिवक्ता अखिलेश दुबे की संपत्तियों की गहन जांच कराने की मांग की थी। इसके लिए मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर को पत्र भी लिखा था। उन्होंने मंडलायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। पत्र के अनुसार उन्होंने साकेतनगर स्थित पार्क की जमीन पर कब्जाकर किशोरी वाटिका गेस्ट हाउस बनाने और अखिलेश दुबे के कार्यालय के आवंटन की जांच की मांग की थी। इसके अलावा अवैध तरीके से बृजकिशोरी दुबे स्कूल संचालित करने का भी आरोप लगाकर जांच कराने की मांग की। उन्होंने मंडलायुक्त कार्यालय के एक कर्मचारी पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अधिवक्ता अखिलेश को सहयोग दिए जाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा था कि ऐसी सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कराने के आरोप में जांच के बाद लोगों के उत्तरदायित्व का निर्धारण किया जाए।

Chhattisgarh

## बिहार के युवक ने रायपुर में पत्नी को मार डाला

**रायपुर, (एजेंसी)** रायपुर में मंगलवार की सुबह पति ने अपनी पत्नी को गला घोंटकर मार डाला। मर्डर के बाद पति ने रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पत्नी का शव घर के सोफे पर मिला, जबकि पति का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक मृत महिला का नाम रेखा गुप्ता है। उसके पति का नाम राजेंद्र गुप्ता है। दोनों मूल रूप से बिहार के गोपालगंज के रहने वाले थे। दोनों ने 5 साल पहले लव मैरिज की थी। 4 साल का बच्चा भी है। चंडी नगर में किराए के मकान में रहते थे। राजेंद्र वेल्डिंग का काम करता था। मंगलवार सुबह पति-पत्नी घर पर ही थे। पत्नी रेखा गुप्ता सोफे पर बैठी थी। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच तलाक को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि राजेंद्र ने अपनी पत्नी का गला घोंट दिया। मर्डर के बाद वह खुद सुसाइड करने चला गया। राजेंद्र गुप्ता चंडी नगर से लाभांडी इलाके में रेलवे पटरी पर पहुंचा, फिर ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।

Gurugram

## गाय को चिकन मोमोज खिलाने वाला यूट्यूबर गुरुग्राम में पकड़ा गया, बोला- पैसों का दिया गया था लालच

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** गुरुग्राम में गाय को चिकन मोमोज खिलाते वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी यूट्यूबर को पकड़ लिया गया है। हिंदू संगठनों के कुछ कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़कर पहले पीटा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी युवक का कहना है कि कुछ लोगों ने उसका ब्रेनवॉश किया था और पैसों का लालच देकर गाय को मांस खिलाने को कहा था। लड़के ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और आगे ऐसा नहीं करने की बात कही। पुलिस ने उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस दर्ज किया है। आरोपी की पहचान 28 साल के ऋतिक चंदाना के रूप में हुई है जो न्यू कॉलोनी का रहने वाला है। चंदाना कई सोशल मीडिया चैनल्स चलाता है। उसके पिता दुकान चलाते हैं और मां एक निजी अस्पताल में डॉक्टर है। डीयू से पढ़ाई इंग्लिश ऑनर्स में बीए करने वाले आरोपी का कहना है कि उसे ऐसा



करने के लिए लालच दिया गया था। जानकारी के अनुसार आरोपी 2 दिसंबर को सेक्टर-56 स्थित हुड्डा मार्केट में रेहड़ी पर चिकन मोमोज खा रहा था। उसने कुछ मोमोज खाए और बाकी वहां खड़ी एक गाय को खिला दिए। उसने इसका वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बारे में जानकारी मिलने के बाद हिंदू संगठन सक्रिय हो गए और उन्होंने आरोपी युवक की पहचान कर सोमवार को न्यू कॉलोनी से पकड़ लिया।

खेल

## टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100+ छक्के लगाने वाले चौथे भारतीय बने हार्दिक, अर्शदीप ने की भुवी की बराबरी

**कटक, (एजेंसी)** भारतीय टीम के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 मैच में शानदार प्रदर्शन किया। हार्दिक ने बल्ले से दम दिखाया और नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 176 रनों का लक्ष्य रखा। हार्दिक ने इसके साथ ही टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे कर लिए और वह रोहित शर्मा और विराट कोहली की बराबरी पर पहुंच गए।




### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जमकर चला हार्दिक का बल्ला

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया, हार्दिक ने 28 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन बनाए जिससे भारत ने 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की टीम हालांकि, 74 रन पर ऑलआउट हुई जिससे भारत ने 101 रनों से जीत दर्ज की। भारत के लिए हार्दिक के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारत के लिए हार्दिक के अलावा तिलक वर्मा ने 26, अक्षर पटेल ने 23, अभिषेक शर्मा ने 17, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 12 और शिवम दुबे ने 10 रन बनाए। वहीं, जितेश शर्मा 10 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने तीन विकेट लिए, जबकि लुथो सिपाम्ला को दो और डोनोवान फरेरा को एक विकेट मिला।

### दो महीने से अधिक समय बाद की वापसी

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस दौरान बताया था कि संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा और कुलदीप यादव इस मैच में नहीं खेल रहे हैं। हार्दिक एशिया कप के दौरान क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहे और उन्होंने इस मैच से वापसी की। हार्दिक ने वापसी पर चमक बिखेरी और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100 छक्के पूरे करने वाले चौथे भारतीय बने। हार्दिक से पहले रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 100+ छक्के लगाए हैं। टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड रोहित के नाम है जिन्होंने इस प्रारूप में 205 छक्के लगाए हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर हैं जिन्होंने 155 छक्के लगाए हैं।

सिनेमा

## बॉक्स ऑफिस पर 150 cr के पार 'धुरंधर', OTT राइट्स के लिए इतने करोड़ में हुई डील



रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन स्टारर मूवी धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है. हर दिन ये मूवी करोड़ों का बिजनेस कर रही है. धुरंधर ने अभी तक 150 करोड़ का इंडिया में कारोबार कर लिया है. पॉजिटिव वर्ड माउथ का इसे फायदा मिला है. लंबे समय बाद रणवीर सिंह को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट मिली है. फिल्म के ओटीटी स्ट्रीमिंग राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीदे हैं. जानकारी के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने धुरंधर के दोनों पार्ट्स को 130 करोड़ में खरीदा है. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने धुरंधर के दोनों पार्ट्स के स्ट्रीमिंग राइट्स के लिए 130 करोड़ दिए हैं. मतलब करीबन 65 करोड़ एक पार्ट के लिए दिए. सूत्रों के अनुसार, आज के समय में जब OTT की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, उसे देखते हुए ये बहुत बड़ी डील है, क्योंकि ये उनकी अब तक की सबसे बड़ी OTT डील है. फिल्म के ओटीटी स्ट्रीमिंग राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीदे हैं. जानकारी के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने धुरंधर के दोनों पार्ट्स को 130 करोड़ में खरीदा है. बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने धुरंधर के दोनों पार्ट्स के स्ट्रीमिंग राइट्स के लिए 130 करोड़ दिए हैं. मतलब करीबन 65 करोड़ एक पार्ट के लिए दिए. सूत्रों के अनुसार, आज के समय में जब OTT की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, उसे देखते हुए ये बहुत बड़ी रकम है.

## Highlights

1. Two Mumbai gold artisans accused of ₹1.15 crore fraud, fleeing
2. Hyd family keeps body for 3 days after failing to afford funeral
3. Hyd man kills person he blamed for his father's 1999 encounter
4. Congress MP sends defamation notice to Navjot over corruption charges
5. Birch by Romeo Lane owner's 2nd nightclub in Goa to be demolished

# Microsoft makes $17.5 billion AI commitment: What does it means for India? | 6 key facts

**NEW DEIHI, (Agency).** Microsoft CEO Satya Nadella has unveiled a landmark USD 17.5 billion investment to accelerate India's AI and cloud ecosystem, the company's largest-ever commitment in Asia. The announcement, shared after Nadella's meeting with Prime Minister Narendra Modi, builds on an earlier USD 3 billion pledge and positions India as a central hub for the company's next phase of AI expansion.



### What the investment means for India

India's largest hyperscale region: A new cloud region in Hyderabad will go live around mid-2026, marking Microsoft's biggest hyperscale build-out in the country.

Expansion of existing data centres: Upgrades have been planned across Chennai, Hyderabad and Pune, strengthening low-latency AI compute for businesses, public sector platforms as well as startups, said news agency ANI.

Sovereign cloud for compliance-heavy sectors: Introduction of Sovereign Public Cloud and Sovereign Private Cloud, tailored for India's regulatory and data-governance needs, the ANI report stated.

AI skilling for millions: Microsoft has doubled its target and now aims to equip 20 million Indians with AI skills by 2030, with 5.6 million already trained since January 2025, the report added.

AI integration in government services: e-Shram and National Career Service will receive Azure OpenAI-powered enhancements, benefiting over 310 million informal workers through multilingual tools and smart job-matching, the report noted.

Reinforcing India's AI-first positioning: Nadella and Microsoft identified scale, skills and sovereignty as the three pillars defining India's AI journey, echoing PM Modi's emphasis on India's "AI opportunity", according to Bloomberg and AFP reports.

# IndiGo told to cut flights amid cancellations. What does that mean for the passenger?

**NEW DEIHI, (Agency).** The government has directed IndiGo to cut planned flights by 5% amid rampant cancellations, even as India's largest airline by passengers carried limps back to normalcy—in fits and starts.

What does this mean for the passenger? Fewer flights does mean higher ticket prices, especially during the year-end holiday season. But the reality is more nuanced. Let's dive in.

Has this been done before?

This is not the first time that India's Directorate General of Civil Aviation has asked an airline to curtail its schedule.




In 2022, the DGCA asked SpiceJet Ltd. to halve the number of scheduled flights due to safety reasons. That had little impact since the airline was already operating at less than 50% capacity.

In 2012, DGCA asked the now-defunct Kingfisher Airlines to file a realistic flight schedule in 24 hours. This is the first time that a well capitalised airline had to face the wrath of the regulator.

To be sure, the DGCA is well within its rights to ask the airline to curtail its schedule for lack of its ability to fly.

How many IndiGo flights will be cancelled?

According to the winter schedule, IndiGo hae scheduled 2,145 daily or 15,014 weekly flights—including 13,897 domestic departures and 908 international in January 2026, according to Cirium—an aviation analytics company.

A 5% reduction, as mandated by the DGCA, would mean 107 fewer IndiGo flights daily or roughly 750 weekly flights weekly.

# पार्षद विवाद में एक और ऑडियो सामने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पार्षद जीतू यादव और कमलेश कालरा के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। इसी बीच इस मामले में एक और नया ऑडियो सामने आया है, जिसे पहले वायरल हुए ऑडियो का ही दूसरा हिस्सा बताया जा रहा है। ताजा ऑडियो में भाजपा पार्षद कमलेश कालरा और उनके मित्र नरेंद्र सोनी के बीच बातचीत होने का दावा किया गया है। ऑडियो की तिथि स्पष्ट नहीं है और इसकी आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हुई है।**



ऑडियो में कालरा अपने दोस्त से सिंधी और हिन्दी मिलाकर बातचीत करते सुनाई देते हैं। बातचीत में वे कहते हैं कि सीधी बात तो यह है कि भाई, कभी हम भी होते और तुम्हारी जगह हमारे साथ होता तो हम भी तो कुछ न कुछ करते ही ना। बड़ी घटना है ना। अरे, इस घटना के बाद तो मेरा पूरे देश में नाम हो गया, पता है तुम्हें।'

कालरा ने तत्कालीन एमआईसी सदस्य जीतू यादव पर 3 जनवरी को घर में घुसकर हमले का आरोप लगाया था। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक पार्षद कमलेश कालरा के बेटे दीपेश कालरा की शिकायत पर 30 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की।

पार्षद ने कई आरोप लगाते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो वे अपने परिवार के साथ आत्महत्या करने पर मजबूर होंगे। कालरा के नाबालिग बेटे ने कोर्ट में दिए बयान में आरोप लगाया था कि हमलावरों ने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य करने की कोशिश की। मारपीट कर निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया और गंभीर आपत्तिजनक हरकतें की गईं। हमलावरों को जीतू यादव का समर्थक बताया गया था। विवाद के बीच जीतू और कालरा की बातचीत का एक ऑडियो भी वायरल हुआ था। इसमें जीतू यादव ने कहा था- संगठन जाए चूल्हे में, मैं अपनी जगह और संगठन अपनी जगह। इसके बाद कालरा ने घटना की शिकायत पीएमओ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की थी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक